भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2370
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास**

**†2370. श्री बी. के. पार्थसारथी:**
**श्री मोहिब्बुल्लाह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना-वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास के अंतर्गत प्राप्त और स्वीकृत प्रस्तावों की कुल संख्या संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत अनुमोदित पर्यटन केंद्रों के लिए स्वीकृत और संवितरित निधि का ब्यौरा क्या है साथ ही इसमें केंद्र और राज्य का स्थानवार कितना अंशदान है;

(ग) सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर विकसित की जा रही परियोजनाओं का संख्या संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें केंद्र और राज्य का स्थानवार कितना अंशदान है; और

(घ) अनुमोदित पर्यटन केंद्रों की कुल पर्यटक वहन क्षमता का स्थानावार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के उद्देश्य से, पर्यटन मंत्रालय ने पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट टेम्पलेट सहित प्रचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी किए। तदनुसार, राज्यों से ऑनलाइन पोर्टल पर 87 परियोजनाएँ प्राप्त हुईं और योजना के तहत 100% केंद्रीय वित्त पोषण से 3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना सहित अपनी वर्तमान केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) वाली परियोजनाओं को, जो केन्द्र सरकार द्वारा 100% वित्तपोषित हैं, सीधे तौर पर शुरू नहीं करता है।

हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने व्यय विभाग की एसएएससीआई (पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता - प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रो का निर्माण) नामक योजना के भाग के रूप में राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन किया। इस योजना के भाग के रूप में, पर्यटन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, राज्यों को मूल्यांकन मानदंड के भाग के रूप में चयनित पर्यटन स्थलों पर संभावित पीपीपी परियोजनाओं को साझा करना आवश्यक था। इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन और निगरानी संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जानी है।

एसएएससीआई योजना के तहत मंत्रालय ने राज्य सरकारों को सलाह दी है कि वे अपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के भाग के रूप में भौतिक वहन क्षमता और सीमित कारकों का आकलन करने के बाद अंतिम वहन क्षमता की गणना करें। एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण, साथ ही राज्य सरकारों द्वारा अपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) में प्रस्तुत निधि वितरण और अनुमानित वहन क्षमता का विवरण **अनुबंध** में है।

*****

**अनुबंध**

श्री बी.के. पार्थसारथी और श्री मोहिब्बुल्लाह द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2370 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत स्वीकृत परियोजना-वार वहन क्षमता और निधि वितरण के विवरण सहित एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| क्र. स. | राज्य | गंतव्य | अनुभव का नाम | अनुमानित पर्यटक वहन क्षमता | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | निधि जारी करने की स्थिति (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | गांडीकोटा | फोर्ट और गोर्ज अनुभव को समृद्ध करना | 25,600 पर्यटक/दिन | 77.91 | 113.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | राजमहेंद्रवरम | अखंड गोदावरी: (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 20,493 पर्यटक/दिन | 94.44 | |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | पासीघाट | सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 9,519 पर्यटक/दिन | 46.48 | 30.68 |
| 4. | असम | गुवाहाटी | असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान | 18,420 पर्यटक/दिन | 97.12 | 126.63 |
| 5. | असम | शिवसागर | रंग घर का सौंदर्यीकरण | 6,217 पर्यटक/दिन | 94.76 | |
| 6. | बिहार | करमचट | करमचैट इको-पर्यटन और एडवेंचर हब | 33055 पर्यटक/दिन | 49.51 | 97.10 |
| 7. | बिहार | सहरसा | मत्स्यगंधा झील का विकास | 32,000 पर्यटक/दिन | 97.61 | |
| 8. | छतीसगढ | रायपुर | चित्रोत्पला फिल्म सिटी | 17,850 पर्यटक/दिन | 95.79 | 97.46 |
| 9. | छतीसगढ | रायपुर | जनजातीय एवं | 6,855 | 51.87 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र | पर्यटक/दिन | | |
| 10. | गोवा | पोंडा | छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा | 988 पर्यटक/दिन | 97.46 | 124.20 |
| 11. | गोवा | पोरवोरिम | प्रस्तावित टाउनस्क्वायर पोरवोरिम | 6,636 पर्यटक/दिन | 90.74 | |
| 12. | गुजरात | धोर्डो | टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोर्डो | 6,500 पर्यटक/दिन | 51.56 | 99.70 |
| 13. | गुजरात | पोरबंदर | केर्ली (मोकरसागर) में इकोपर्यटन गंतव्य | 5,067 पर्यटक/दिन | 99.5 | |
| 14. | झारखंड | कोडरमा | तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 1,800 पर्यटक/दिन | 34.87 | 23.00 |
| 15. | कर्नाटक | बेलगावी | सवदत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | अपेक्षित संख्या 2030 तक वार्षिक 7,09,66,546 | 100 | 131.45 |
| 16. | कर्नाटक | बेंगलुरु | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि में इकोपर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 26,946 पर्यटक/दिन | 99.17 | |
| 17. | केरल | कोल्लम | अष्टमुडी जैव विविधता और पर्यावरण-मनोरंजक केंद्र | 7,737 पर्यटक/दिन | 59.71 | 102.32 |
| 18. | केरल | सरगालया | सरगालया: मालाबार की सांस्कृतिक | 30,026 पर्यटक/दिन | 95.34 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुर्शिबल का वैश्विक प्रवेश द्वार | | | |
| 19. | मध्य प्रदेश | भोपाल | एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 1,000 आगंतुक/दिन | 99.38 | 131.54 |
| 20. | मध्य प्रदेश | ओरछा | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 3,01,235 पर्यटक | 99.92 | |
| 21. | महाराष्ट्र | नासिक | राम-काल पथ | अनुमानित रूप से 15000 - 18000/दिन गैर-पीक सीजन में अनुमानित रूप से 1,00,000/दिन पीक सीजन | 99.14 | 96.38 |
| 22. | महाराष्ट्र | सिंधुदुर्ग | एक्स-आईएनएस गुलदार अंडरवाटर संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 2,772 गोताखोर-यात्रा/दिन | 46.91 | |
| 23. | मणिपुर | लोकटक | लोकटक झील अनुभव | 6,000 आगंतुक/दिन | 89.48 | 59.06 |
| 24. | मेघालय | शिलांग | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 14,700 पर्यटक/दिन | 99.27 | 131.04 |
| 25. | मेघालय | शिलांग | उमियम झील का पुनर्विकास | 10,000 पर्यटक/दिन | 99.27 | |
| 26. | ओडिशा | हीराकुंड | हीराकुंड का विकास | 22,057 पर्यटक/दिन | 99.9 | 131.93 |
| 27. | ओडिशा | सतकोसिया | सतकोसिया का विकास | 19,880 पर्यटक/दिन | 99.99 | |
| 28. | पंजाब | एसबीएस | हेरिटेज स्ट्रीट का | 18,750 | 53.45 | 35.28 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नगर | विकास | पर्यटक/दिन | | |
| 29. | राजस्थान | जयपुर | आमेर-नाहरगढ़ और आसपास के क्षेत्र में विकास | 11,250 पर्यटक/दिन | 49.31 | 96.31 |
| 30. | राजस्थान | जयपुर | जल महल में विकास | 7,500 पर्यटक/दिन | 96.61 | |
| 31. | सिक्किम | नामची | स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगंग | 4,320 पर्यटक/दिन | 97.37 | 109.27 |
| 32. | सिक्किम | नाथुला | नाथुला सीमा अनुभव | 7,200 पर्यटक/दिन | 68.19 | |
| 33. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | नंदवनम हेरिटेज पार्क | 7,500 पर्यटक/दिन | 99.67 | 112.12 |
| 34. | तमिलनाडु | ऊटी | देवला में फूलों का बगीचा | 3,994 पर्यटक /दिन | 70.23 | |
| 35. | तेलंगाना | रामप्पा | रामप्पा क्षेत्र सतत पर्यटन परिपथ | i. वर्ष 1 (विकास के बाद) - 41,304 पर्यटक/दिन<br>ii. वर्ष 10 (विकास के बाद) - 89,101 पर्यटक/दिन | 73.74 | 93.60 |
| 36. | तेलंगाना | सोमासिला | कल्याण और आध्यात्मिक रिट्रीट नल्लामाला | i. ईगालापेंटा आगमन क्षेत्र- 695 पर्यटक/दिन<br>ii. ईगालापेंटा नदी क्यूरिज़ नोड - 799 पर्यटक/दिन<br>iii. चेंचू एक्सपीरियंस | 68.1 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सेंटर- 597 पर्यटक/दिन<br>iv. ईगलपेंटा प्रोमेनेड- 1,260 पर्यटक/दिन<br>v. सोमासिला अकासा रिट्रीट- 506 पर्यटक/दिन | | |
| 37. | त्रिपुरा | गोमती | बंदुआर में 51 शक्ति पीठ पार्क | 5,755 पर्यटक/दिन | 97.7 | 64.47 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | बटेश्वर | बटेश्वर का विकास | 2,15,960 पर्यटक/दिन | 74.05 | 101.82 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती | एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 1,00,000 पर्यटक/दिन | 80.24 | |
| 40. | उत्तराखंड | ऋषिकेश | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: राफ्टिंग बेस स्टेशन | 14,400 पर्यटक/दिन | 100 | 66 |
| **कुल** | | | | | **3295.76** | **2175.11** |

*****